# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार

5 जुलाई 2024, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, अमावस्या, विक्रम संवत 2081, बरेली


PAGE NO : 06 MIDDLE

# चार हेल्थ एटीएम का हुआ लोकार्पण

## एसआरएमएस

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस मेडिकल कालेज ने गुरुवार को अपना 23वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने मरीजों के लिए संस्थान के विभिन्न स्थानों पर स्थापित चार हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया। इनके जरिए मात्र 50 रुपये के खर्च पर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी, बोन डेंसिटी, मसल रेड, ब्लड आक्सीजन जैसी 21 जांच कुछ ही मिनट में हो जाती हैं।



गुरुवार को एसआरएमएस मेडिकल का 23वां स्थापना दिवस मनाया गया।

स्थापना दिवस समारोह मेडिकल कालेज स्थित आडिटोरियम में हुआ। समारोह से पहले देव मूर्ति ने श्रीराम मूर्ति के चित्र पर माल्यार्पण कर हवन पूजन किया। देव मूर्ति ने संस्थान के 22 साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम बरेली के दस ब्लाकों में हेल्थ सर्वे करवाने जा रहे हैं। इसमें विभिन्न गांवों के हर दरवाजे तक पहुंचेंगे और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाएंगे। इसके साथ ही गांवों में मानसिक मंदितों की तलाश कर उनका इलाज करने की योजना शुरू की जा रही है। जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके।

देव मूर्ति ने एसआरएमएस ट्रस्ट के विभिन्न संस्थानों में पढ़ाए जा रहे सभी कोर्स में मेरिट में आए एक विद्यार्थी को निशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने पिछले एक वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग, उपलब्धियां हासिल करने वाले चिकित्सक, विद्यार्थी और स्टाफ को प्रशंसा पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ट्रस्टी आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डा.निर्मल यादव, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. एलएस मौर्य, डा. जसप्रीत कौर आदि मौजूद रहे।